प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

चिलगोज़ा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला से भूटान के लिए चिलगोज़े के 5 हज़ार पौधो से भरे एक ट्रक को हरी झंडी दिखाई। राज्य वन विभाग का भूटान के साथ एक समझौता हुआ है, जिसके तहत ये पौधे भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग अपने संसाधनों से आय जुटाने का कार्य कर रहा है और इसी प्रक्रिया के तहत ये पौधे भूटान भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि प्रदेश सरकार की आय के साधन बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूटान के वन विभाग के अधिकारियों को चिलगोज़ा के पौधे उगाने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए भूटान के वन विभाग की टीम जल्द ही प्रदेश का दौरा करेगी।

सीएम–पंचायत चुनाव

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले का राज्य सरकार अध्ययन कर रही है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपारिक बातचीत में कहा कि आगामी अप्रैल या मई माह से पहले सरकार चुनाव करवाने के पक्ष में है।

अग्निकांड

सोलन ज़िले में अर्की स्थित पुराने बस अड्डे के समीप बीती रात भीषण अग्निकांड में अभी तक 3 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। ज़िला प्रशासन सहित कई टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई है और अभी भी 7 लोगों के लापता होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने भी मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है और प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सहित भाजपा नेताओं ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताया है।

दुर्घटना

मंडी ज़िले में आज 3 अलग–अलग दुर्घटनाओं में 4 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली दुर्घटना में मंडी ज़िले के चरखड़ी के समीप एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला की मृत्यु हो गई। एक अन्य घटना में सुंदरनगर उपमंडल के कुशला गांव में बीती रात अग्निकांड की एक घटना में 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जलकर मौत हो गई। एक अन्य हादसे में सलापड़–तत्तापानी मार्ग पर एक कार के सतलुज नदी में गिरने से 2 लोगों की मृत्यु का समाचार है।

युवा दिवस

महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती आज राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक संदेश में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की युवाशक्ति के लिए प्रेरणा के शक्तिशाली स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व और उनके कार्य विकसित भारत के संकल्प को निरंतर नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कामना की है कि ये अवसर सभी देशवासियों, विशेषकर युवा साथियों के लिए नई शक्ति और नया आत्मविश्वास लेकर आएगा।

योजना

प्रदेश भाजपा ने विकसित भारत रोज़गार व आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण योजना को लेकर कांग्रेस पर जनता का गुमराह करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता डी.एस.ठाकुर ने चंबा में पत्रकारों से बातचीत

में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जनहित में योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्णय लिए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है।

———————————————